डीएम व एसपी ने पीईटी-2026 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

प्रथम पाली में 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6,930 उपस्थित जबकि 2,814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे

जनपद के 24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हो रही परीक्षा

रायबरेली । जनपद में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 को सुचारु, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल, त्रिपुला सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए परीक्षा के सुचारु संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद में पीईटी-2026 की परीक्षा आज कुल 24 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखी जा रही है। प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा में कुल 9,744 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 6,930 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 2,814 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को परीक्षा के दौरान निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने और परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ओ0डी0ओ0पी0 योजना के तहत काष्ठ कला प्रशिक्षण के लिए साक्षात्कार 27 अक्टूबर को

रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया कि एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजना के तहत जनपद के चयनित उत्पाद काष्ठ कला (वुड वर्क) से संबंधित सामान्य तकनीकी प्रशिक्षण तथा क्राफ्ट की बेसिक एवं एडवांस्ड ट्रेनिंग के लिए 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 27 अक्टूबर 2026 को पूर्वाह्न 11ः00 बजे कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र, रायबरेली में शासन द्वारा गठित समिति के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

सरेनी 182 विधानसभा में भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन, सैकड़ों लोगों को मिला लाभ

लालगंज, रायबरेली। सरेनी 182 विधानसभा क्षेत्र में आज सेवा और समर्पण की मिसाल पेश करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला द्वारा विशाल नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 9 बजे से रायपुर में हुआ, जहाँ सुबह से ही आँखों की समस्या से पीड़ित बुजुर्गों, महिलाओं एवं युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।शिविर में आए हुए अनुभवी नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा सैकड़ों मरीजों की आँखों की गहन जांच की गई। जांच के उपरांत जरूरतमंद लोगों को मौके पर ही नि:शुल्क दवा और चश्मों का वितरण किया गया। वहीं मोतियाबिंद से पीड़ित चिन्हित मरीजों को आगे के नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए पंजीकृत किया गया। इस अवसर पर दीप प्रकाश शुक्ला जी ने कहा कि सेवा ही हमारा संकल्प है। सरेनी की जनता मेरी परिवार है। हमारे बुजुर्गों की आँखों में रोशनी बनी रहे, उन्हें चश्मे या दवा के लिए परेशान न होना पड़े, इसी उद्देश्य से यह नि:शुल्क शिविर लगाया गया है। भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगातार लगाए जाते रहेंगे।इस पुनीत कार्य में गोविंद शुक्ला जी एवं सुरेश चंद्र शुक्ला जी का विशेष सहयोग सराहनीय रहा, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में लाभार्थियों ने दीप भैया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से गरीब और असहाय लोगों को बहुत बड़ी मदद मिलती है। बताते चले कि भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला भी पार्टी से सरेनी विधानसभा से 2027 के लिए विधानसभा के संभावित प्रत्याशी हैं। लगातार जनसंपर्क करते हुए पार्टी का ग्राफ बढ़ारहे हैं।

विजयदशमी के ऐतिहासिक मेले में मेलार्थियों की बडी भीड़ रही

चांदा सुल्तानपुरनगर पंचायत कोइरीपुर के ऐतिहासिक मेले में विजयदशमी के दिन मेलार्थियों का भारी भीड़ रही । परम्परा अनुसार कोइरीपुर कस्बा चौक से श्री राम लक्ष्मण हनुमान जी एक रथ पर सवार व दूसरे रथ पर माँ सीता के साथ दशानन रावण सवार होकर मेला वाली बाग़ के लिए डीजे बाजे के साथ रवाना हुए। कस्बे में जगह जगह कस्बावासियों द्वारा माला फूलो से भव्य स्वागत किया गया । मेला वाली बाग़ में लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध व श्री राम रावण युद्ध का चित्रण किया गया तत्पश्चात रावण के पुतले का दहन हुआ । मेले में महिला पुरुषो व बच्चों की भीड़ देखी गयी । मेले में दुकानों पर भीड़ देखी गयी । नगर पंचायत कोइरीपुर कार्यालय प्रशासन पूरी तरह मेले को लेकर सजग रहा । मेले में साफ सफाई की व्यवस्था भी सुदृढ़ दिखी। मेलार्थियों के पेयजल की सुविधा को देखते हुए दो जगहों पर पानी से भरा टैंकर भी नगर प्रशासन ने खड़ा करवाया था । पुलिस भी मेले की व्यस्वथा भी जगह जगह तैनात दिखी ।

जनसेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल बनी नवयुवक दल समाज सेवी संस्था

1995 से अनवरत दुर्गापूजा महोत्सव में मां की रसोई के माध्यम से हो रहा भव्य प्रसाद वितरण



सुल्तानपुर सन् 1989 में स्थापित नवयुवक दल समाज सेवी संस्था पिछले तीन दशकों से अधिक समय से समाज सेवा और जनकल्याण के कार्यों में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा वर्ष भर रक्तदान शिविर, नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, खोया-पाया शिविर और कड़ाके की सर्दियों में जरूरतमंदों को कंबल वितरण जैसे अनेक पुनीत सामाजिक कार्य किए जाते हैं। सामाजिक कार्यों के साथ-साथ धार्मिक आयोजनों में भी संस्था का विशेष योगदान रहा है। वर्ष 1995 से अनवरत दुर्गापूजा महोत्सव के पावन अवसर पर संस्था द्वारा मां की रसोई के माध्यम से विशाल प्रसाद वितरण का आयोजन किया जा रहा है। यह सेवा कार्य दशहरा से प्रारंभ होकर प्रतिमा विसर्जन तक निरंतर चलता है। प्रतिदिन कन्या पूजन के पश्चात भंडारे का प्रारंभ किया जाता है कोई विशिष्ट अतिथि रहता है कन्याओं को गिफ्ट भी दिया जाता है। मां की रसोई का विशेष आकर्षण यह है कि यहां श्रद्धालुओं को प्रतिदिन नए-नए व्यंजनों—जैसे छोला-भटूरा, मिर्च पनीर आदि—का स्वादिष्ट प्रसाद वितरित किया जाता है। संस्था के इन सेवा कार्यों को सफल बनाने और जन-जन तक पहुंचाने में संस्थापक विजय प्रधान, प्रबंधक ज्ञान प्रकाश जायसवाल, अध्यक्ष एडवोकेट आशीष तिवारी एवं महामंत्री सुनील द्विवेदी का विशेष मार्गदर्शन रहता है। साथ ही कोषाध्यक्ष राकेश जायसवाल, संगठन सचिव विपिन सिंह तथा उपाध्यक्ष जतिन साहू, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा पटवा राम नरेश सोनकर, के. दिनेश, जय प्रकाश मिश्रा, संतोष जायसवाल, राहुल जायसवाल, अम्बेश बरनवाल, शीतला जायसवाल और रमेश कसौधन सहित समस्त सदस्यों के सक्रिय सहयोग से संस्था निरंतर समाज सेवा के पथ पर अग्रसर है

दुर्गा पूजा महोत्सव है अपने अंतिम चरण में

सुल्तानपुर । रविवार को गोमती मित्र मंडल द्वारा सीताकुंड धाम पर विशेष स्वच्छता अभियान (श्रमदान) चलाया गया। प्रात: 06ः00 बजे से शुरू हुआ यह श्रमदान 09ः00 बजे तक चला, जिसमें गोमती मित्रों ने नदी तट और आसपास के परिसर की गहन सफाई की। 27 तारीख से शुरू हो रहे भव्य मूर्ति विसर्जन पर्व को देखते हुए गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपीं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा की दुर्गा पूजा का यह पावन पर्व हमारी आस्था का केंद्र है। मूर्ति विसर्जन के दौरान गोमती नदी को दूषित होने से बचाना और श्रद्धालुओं को सुगम वातावरण देना हम सभी का परम कर्तव्य है। गोमती मित्र मंडल स्वच्छता के इस रण में पूरी निष्ठा से मुस्तैद है। इसके साथ ही गोमती मित्र मंडल द्वारा आगामी 27 तारीख को विसर्जन के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

दुर्गा पूजा महोत्सव विसर्जन शोभायात्रा को सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न कराने को डीएम एसपी की अध्यक्षता में बैठक

सुलतानपुर, तीन दिवसीय दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की संयुक्त अध्यक्षता में सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन रत्न प्रिया, अपर पुलिस अधीक्षक बृज नारायण सिंह सहित ड्यूटी में तैनात सभी अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मूर्ति विसर्जन के लिए निर्धारित यात्रा मार्गों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। चक्रवात की संभावित परिस्थितियों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतते हुए मूर्ति विसर्जन कार्यक्रमों को यथासंभव 27 अक्टूबर, 2026 की रात्रि तक सम्पन्न कराने का प्रयास किया जाए। सभी अधिकारी अपने निर्धारित ड्यूटी स्थलों पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। ड्यूटी में लापरवाही अथवा अनुपस्थिति पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी ड्यूटी स्थलों की सतत निगरानी, डीजे का संचालन निर्धारित ध्वनि मानकों के अनुरूप कराने तथा विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। साथ ही, सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे आज ही अपने-अपने ड्यूटी स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें तथा निरीक्षण के फोटो आधिकारिक ग्रुप पर साझा करें। पुलिस अधीक्षक ने कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत निर्देश दिए कि विसर्जन यात्रा के दौरान पर्याप्त सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए। असामाजिक एवं अराजक तत्वों पर प्रभावी नजर रखते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने दी जाए। यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा प्रबंधों को प्रभावी बनाए रखते हुए सभी संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए निर्धारित रूट का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। कल से सभी ड्यूटी पर तैनात अधिकारीगण समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंच जाए।

मूर्ति विसर्जन को लेकर डीएम और एसपी ने की समीक्षा बैठक

अमेठी ।मूर्ति विसर्जन कार्यक्रमों को सकुशल शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विसर्जन घाटों की व्यवस्थाओं प्रतिमा विसर्जन मार्गों की साफ-सफाई सुरक्षा यातायात प्रबंधन तथा कानून-व्यवस्था की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों पुलिस क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित समय से पहले पूर्ण कर ली जाएं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रतिमा विसर्जन घाटों एवं विसर्जन मार्गों पर पर्याप्त साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। मार्गों पर बिजली के ढीले तारों को ठीक कराया जाए तथा घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था पार्किंग नाव एवं नाविकों की उपलब्धता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएं। संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें और जहां भी कमियां मिलें उन्हें तत्काल दूर कराएं। उन्होंने कहा कि विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। घाटों पर व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रखी जाएं तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रतिमा विसर्जन घाटों के आसपास तथा विसर्जन मार्गों पर मीट-मांस अंडे एवं मदिरा की दुकानें बंद रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने डीजे संचालन निर्धारित मानकों के अनुरूप कराने तथा संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील स्थलों एवं विसर्जन मार्गों का निरीक्षण करते रहें और स्थानीय स्तर पर समन्वय बनाए रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अराजकता फैलाने वाले व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखी जाए तथा ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए। सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली अफवाहों एवं भ्रामक सूचनाओं पर विशेष नजर रखी जाए और किसी भी भ्रामक सूचना के संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए।

भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की पेंशन समस्याओं के निराकरण के लिए कैम्प 28 को

अमेठी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के विंग कमान्डर अखिलेश पाण्डेय (अ0प्रा0) ने बताया कि जनपद के भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण के लिए स्टेशन हेडक्वार्टर अयोध्या द्वारा 28 अक्टूबर 2026 दिन बुधवार को समय 11 बजे पूर्वान्ह से जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय गौरीगंज में कैम्प लगाया जायेगा। इस क्रम में उन्होंने बताया कि जिन भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की पेंशन से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह अपनी सेना की डिस्चार्ज बुक पी0पी0ओ0 आधार कार्ड पैन कार्ड एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास कार्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ नियत तिथि समय व स्थान पर उपस्थित होकर अपनी पेंशन से सम्बन्धित समस्या का निस्तारण करा सकते हैं।

सिद्धार्थ जन कल्याण सेवा संस्थान, मीरपुर प्रतापपुर ने लेबर कैंप दरियापुर फ्लाईओवर के नीचे पहुंचकर, टीबी से ग्रसित 10 लोगों को लिया गोद

सुल्तानपुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान और देश जीतेगा, टीबी हारेगा के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए जनपद सुल्तानपुर में एक शानदार सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया संस्था किया कार्यक्रम जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, एवं श्रमायुक्त मधुबन राम के नेतृत्व में किया गया है सामाजिक संस्था द्वारा क्षय रोग (टीबी) से ग्रसित 10 जरूरतमंद मरीजों को गोद लिया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में इन सभी मरीजों को विशेष पोषण आहार किट का वितरण किया गया ताकि वे जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ हो सकें।इस वृहद और सराहनीय कार्यक्रम का आयोजन सुल्तानपुर जनपद के बीजेपी अध्यक्ष माननीय सुशील कुमार त्रिपाठी एवं पूर्व बीजेपी जिला अध्यक्ष डाक्टर आर ए वर्मा की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्वास्थ्य और प्रशासनिक अमले के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए, जिला क्षय रोग अधिकारी (छ्ज्ञ ह्) डॉ. आर.के. कनौजिया, डाक्टर लाल जी स्न4 ष्ट्स्ह्और श्रमायुक्त अधिकारी मधुबन राम ,मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने संस्था के इस मानवीय और संवेदनशील प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।वही समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में संस्था के पदाधिकारियों रीता देवी, कन्हैया लाल, सुरजीत, सूर्यकान्त त्रिपाठी, दीपक कुमार, संतोष कुमार ने पूरी मुस्तैदी से कार्यक्रम को सफल बनाया। टीबी क्लिनिक के वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार ने मुख्य अतिथियों के साथ मिलकर टीबी से पीड़ित 10 मरीजों को पोषण आहार किट सौंपी।इस पुनीत कार्य को देखते हुए बीजेपी अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी एवं डाक्टर आर ए वर्मा ने संस्था के अध्यक्ष सहित पदाधिकारीयो को माल्यार्पण किया वही संस्था के जिला स्तर के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा, जिनमें शामिल हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें सही पोषण देना देश को इस बीमारी से मुक्त करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। जिला क्षय रोग अधिकारी डाक्टर आर के कन्नौजिया ने बताया कि टीबी के इलाज में दवाओं के साथ-साथ सही और पौष्टिक खान-पान बेहद जरूरी है, और गरीब सेवा समिति का यह कदम सराहनीय है। संस्था के अध्यक्ष दिनेश कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और संकल्प जताया कि उनकी संस्था भविष्य में भी समाज सेवा और स्वास्थ्य सुधार के ऐसे कार्यक्रमों को निरंतर और बड़े स्तर पर आयोजित करती रहेगी। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, चंद्रभान यादव, ओमप्रकाश ,नाज़नीन एक्स-रे टेक्निशियन, , सहजाद एवं रमेश, मेराज़ सहित होमियोंथिक चिकित्सा अधिकारी डाक्टर ओम प्रकाश गौतम,, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डाक्टर मंजूलता, आयुष्मान, आँख, के पदाधिकारी मौजूद रहे

नर्मदा तीर्थ की बदहाली पर उठे सवाल, जलकुंभी से पटा ताल

शाहाबाद (हरदोई)। ऐतिहासिक नर्मदा तीर्थस्थल पर फैली जलकुंभी और गंदगी ने सफाई व्यवस्था तथा सौंदर्यीकरण के दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीर्थस्थल के ताल में तेजी से फैल रही जलकुंभी के कारण इसकी प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि साफ-सफाई और रखरखाव को लेकर जिम्मेदार विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। क्षेत्रवासियों के अनुसार, नर्मदा तीर्थस्थल धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन ताल में फैली जलकुंभी और गंदगी के चलते स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सफाई नहीं कराई गई तो जलभराव वाले हिस्सों में दुर्घटना की आशंका भी बनी रह सकती है। ताल की साफ-सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पालिका पर होने के बावजूद स्थानीय लोग व्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं। उनका आरोप है कि सफाई के दावे और जमीनी स्थिति में अंतर दिखाई दे रहा है।

रोजगार मेले का आयोजन 28 और 29 को

अमेठी । जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वाधान में जनपद के तकनीकी व गैर-तकनीकी शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 02 रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोजगार मेला 28 अक्टूबर 2026 को प्रात: 10 बजे से संजय गाँधी राजकीय पॉलीटेक्निक जगदीशपुर विधानसभा में तथा द्वितीय विधानसभा क्षेत्र स्तरीय रोजगार मेला 29 अक्टूबर 2026 को प्रात: 10 बजे से राजकीय महिला पॉलीटेक्निक धम्मौर रोड अमेठी विधानसभा में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त रोजगार मेलों में देश व प्रदेश की प्रमुख वाहन निर्माता इलेक्ट्रॉनिक्स स्टील गैस वितरण रिटेल एवं सेवा क्षेत्र की बहुराष्ट्रीय कंपनियॉ प्रतिभाग कर रही है ।

राम-भरत मिलाप कार्यक्रम को लेकर अलर्ट रही पुलिस, एसपी ने परखी सुरक्षा



मुसाफिरखाना में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर पुलिसकर्मियों को दिए निर्देश, एसपी ने श्रद्धालुओं को वितरित किया प्रसादअमेठी। मुसाफिरखाना कस्बे में आयोजित राम-भरत मिलाप कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए अमेठी पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। शनिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने और यातायात सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ने कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति एवं राम-भरत मिलाप समिति के पदाधिकारियों से बातचीत कर आयोजन की रूपरेखा की जानकारी ली।उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने पर जोर दिया। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था निर्बाध बनाए रखने के निर्देश दिए।राम-भरत मिलाप कार्यक्रम के अवसर पर कोतवाली मुसाफिरखाना पुलिस की ओर से आमजन में विश्वास बढ़ाने और पुलिस-जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से भव्य भंडारे एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. स्वयं शामिल हुए और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।पुलिस की इस पहल को जनसामान्य के साथ बेहतर संवाद और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के प्रयास के रूप में देखा गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।पुलिस प्रशासन ने धार्मिक आयोजनों के दौरान सुरक्षा, शांति और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने पर जोर दिया।

मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमेठी। पूर्व विधायक गरिमा सिंह की पुत्रवधू शाम्भवी अनंत विक्रम सिंह के नेतृत्व में रविवार को हनुमान मंदिर सरायखेमा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके समापन पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राम शंकर जायसवाल भाजपा शक्ति केंद्र संयोजक संजीव कुमार मिश्रा जिला सह संयोजक सुशासन विभाग रवि सिंह मंडल मंत्री विवेक सिंह शिलादित्य सिंह और राजू तिवारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

ढाई दशक से टूटी सुखेता पुलिया, दर्जनों गांवों का रास्ता बाधित; ग्रामीणों ने उठाई निर्माण की मांग

शाहाबाद (हरदोई)। विकास के दावों के बीच सुखेता नदी पर टूटी पड़ी पुलिया आसपास के दर्जनों गांवों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। करीब 20 से 25 वर्षों से बदहाल इस पुलिया का स्थायी निर्माण न होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का दावा है कि पुलिया पार करते समय अब तक चार से पांच लोगों की जान जा चुकी है, इसके बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। यह पुलिया हरदोई जिले के शाहाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोड़रा सरैया और टोडरपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कोठिला के बीच सुखेता नदी पर स्थित है। यह आसपास के गांवों को जोड़ने के साथ ही हरदोई हाईवे और अन्य प्रमुख स्थानों तक पहुंचने का महत्वपूर्ण मार्ग है। पुलिया टूटने के कारण ग्रामीणों को एक गांव से दूसरे गांव तक पहुंचने के लिए करीब 15 से 17 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। ग्रामीणों के मुताबिक, नदी के दूसरी ओर कई लोगों के खेत हैं। ऐसे में खेती-किसानी के काम के लिए उन्हें जोखिम उठाकर नदी पार करनी पड़ती है या फिर लंबा रास्ता तय करना पड़ता है। बरसात और पानी का बहाव बढ़ने के दौरान स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। पुलिया के आसपास खेल स्टेडियम, वृद्धाश्रम और इंटर कॉलेज जैसी सुविधाएं होने के बावजूद संपर्क मार्ग की बदहाली लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। **पुलिया पार करते समय दो लोगों की मौत का दावा** कोड़रा सरैया निवासी मूलचंद्र ने बताया कि करीब पांच वर्ष पहले उनके भाई रामरूप की टूटी पुलिया पार करते समय पैर फिसलने से मौत हो गई थी।

'वोट चोरी' के मुद्दे पर जितेंद्र वर्मा का भाजपा पर हमला बोले- 2027 में प्रचंड बहुमत से बनेगी सपा सरकार

हरदोई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा 'जीतू पटेल' ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में पारदर्शिता और मतदाताओं के अधिकारों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पीडीए समाज की एकजुटता के बल पर उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। मल्लावां ब्लॉक के ग्राम नई बस्ती में सपा कार्यकर्ता रामचंद्र पटेल और प्रशांत पटेल की ओर से पीडीए जन पंचायत का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जितेंद्र वर्मा ने कहा कि विपक्ष की एकजुटता और कार्यकर्ताओं की सजगता के चलते कथित अनियमितताओं के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने पीलीभीत में दो एसडीएम के निलंबन का जिक्र करते हुए इसे विपक्ष की सक्रियता से जोड़ा। सपा नेता ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान कई गड़बड़ियां सामने आईं, जिन्हें पार्टी कार्यकर्ताओं ने उजागर किया। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सबूतों के साथ वोट चोरी का मुद्दा उठाया है। साथ ही पीलीभीत में कांग्रेस नेताओं की ओर से 13 हजार कथित फर्जी वोटों का मामला उठाए जाने का भी उल्लेख किया। जितेंद्र वर्मा ने भाजपा सरकार पर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने 69 हजार शिक्षक भर्ती में 19 हजार अभ्यर्थियों के अधिकार प्रभावित होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि सामाजिक न्याय और आरक्षण की रक्षा के लिए पीडीए समाज को एकजुट होना होगा। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा सरकार बनेगी और बिलग्राम-मल्लावां सहित हरदोई की सभी विधानसभा सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ता जुटे हैं। जन पंचायत में संदीपक पटेल, सौरभ वर्मा, छत्रपाल पटेल, संदीप कुमार, सुरेश कठेरिया, अशोक कुमार पटेल, जयवीर पटेल, राकेश पटेल, राम सिंह पटेल, ओंकार राठौर, शाहबाज खान, ओसामा इराकी, नावेद खान और अजय वर्मा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सडक मरम्मत की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

अमेठी। बारिश के बाद इस समय सडकों को गड्ढा मुक्त करने के लिए कहीं उस पर पैबंद लगाए जा रहे हैं तो कहीं मरम्मत की जा रही है जिसकी गुणवत्ता पर स्थानीय सपा नेता ने सवाल उठाया है। भादर ब्लॉक के मोचवा लहना संपर्क मार्ग की रिपेयरिंग लोक निर्माण विभाग से चल रही है सपा नेता जयसिंह प्रताप यादव ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर मै पहुंचा देखा तो सड़क में हांथ लगाने पर उखड़ जा रही सड़क निर्माण में अनियमितता बरती जा रही है।उन्होंने एक विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि मैं जिला अधिकारी से टेलीफोन पर संपर्क किया बात नहीं हो पाई तो पी डब्ल्यू डी के अधिशासी अभियन्ता से टेलीफोन पर वार्ता हुई सड़क के नाम पर हो रहे भ्रष्टाचार को अवगत कराया वीडियो और तस्वीरें भी व्हाट्सप किया उन्होंने ने आश्वासन दिया कि जे ई से बात कर चांज करवाता हूं।

भाजपा संगठन को मजबूत करने में जुटे राजकुमार सिंह चौहान, युवाओं से एकजुट होकर काम करने की अपील



हरदोई। भारतीय जनता पार्टी के संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गतिविधियों को प्रभावी बनाने, संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से हरदोई सदर विधानसभा प्रभारी राजकुमार सिंह चौहान ने जनपद में कई बैठकों में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों, मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं और युवाओं के साथ की। हरदोई सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चारों मंडलों के मंडल अध्यक्षों एवं महामंत्रियों के साथ विधानसभा विस्तारक शुभम सिंह की उपस्थिति में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में चार मंडलों में से दो मंडल अध्यक्ष और दो मंडलों के महामंत्री उपस्थित रहे। इसमें संगठन कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। विधानसभा प्रभारी राजकुमार सिंह चौहान ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आपसी तालमेल और जनता के बीच निरंतर संपर्क से बढ़ती है। उन्होंने युवाओं से भाजपा के संगठनात्मक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और पार्टी को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन सहित जिला एवं युवा संगठन के पदाधिकारियों की सहभागिता के संबंध में भी जानकारी दी गई। संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। राजकुमार सिंह चौहान ने कहा कि मजबूत संगठन ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यकर्ताओं की एकजुटता और जनसेवा के संकल्प से संगठन को नई मजबूती मिलती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अपील की।